हादसा — कटाई करने के लिए सीतानगर से जा रहे थे बमूरा हार

# अनियंत्रित ऑटो पलटा, 10 मजदूर घायल

**नवभारत,दमोह. देहात थाना क्षेत्र की नरसिंहगढ़ चौकी के अंतर्गत देवलाई गांव के पहले पुलिया के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया. जब सुबह से कटाई करने जा रहे मजदूरों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया.इस घटना में 9 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए.घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहनों और डायल 112 के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया. जहां घायलों का इलाज तत्परता से ड्यूटी रत डॉक्टर आशुतोष पटेल, डॉक्टर एनके पटेल, डॉक्टर दिव्यांशु अवस्थी, मुकेश जैन, डॉ विनय के अलावा और टीम ने किया.**





पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.घटनास्थल पर मौजूद जगदीश व्यास ने बताया कि ऑटो चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ.शनिवार सुबह सीतानगर से लगभग दस मजदूर कटाई के लिए बमूरा हार जा गांव जा रहे थे.देवलाई की पुलिया पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो में सवार सभी मजदूर बुरी तरह घायल हो गए. दिनेश नामदेव का यह ऑटो था,जिसमें मजदूर सवार थे.घटनास्थल पर चींख-पुकार मचते ही स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और तुरंत घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया.यह हुए घायल प्राप्त जानकारी के अनुसार घायलों में शशि पति लीला कोरी उम्र 35 वर्ष, विमला पति कल्लू पाल उम्र 50 वर्ष, कुसुम रानी पति कलू बंसल 50 वर्ष, श्याम रानी पति परशु जोशी उम्र 45 वर्ष, मंजू पति बबलू जोशी उम्र 30 वर्ष, आशा रानी पति नोनीलाल पाल उम्र 45 वर्ष, प्रभा पति कमलेश उम्र 40 वर्ष, राजूबाई पति मोहन गडरिया उम्र 35 वर्ष, नवीका पति जित्तू 30 वर्ष, गंगा पति मुन्नालाल उम्र 60 वर्ष और मासूम जानवी पति जित्तू दो वर्ष सभी निवासी सीतानगर को गंभीर चोटे आई हैं, जिनका उपचार जारी है.

### युवक पर हमला, गंभीर रूप से घायल



जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप चौरई में एक युवक पूरन ठाकुर चौरई पर हमला हो गया ।जिसे गंभीर रूप से घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया.

### बोलेरो कार डिवाइडर से टकराई

शहर के सागर नाका और तीन गुल्ली के बीच पूर्व विधायक पथरिया के निवास के सामने भीषण सड़क हादसा हो गया .एक चार पहिया वाहन बोलेरो कार डिवाइडर से टकराई और बेलोरो आगे से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई .



# लूट की घटना का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेवरात किए बरामद

**कुम्हारी नवभारत 21 फरवरी।** थाना कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत सगोनी के पास अलबेला जंगल में सोने चांदी के व्यापारी से हुई लूट का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार की शाम इमलिया से सोने चांदी का व्यापारी संतोष सोनी अपनी दुकान से घर लूना मोपेड से आ रहा था। आरोपी दुर्गेश जोशी और अतुल जोशी ने बुलेट से संतोष सोनी का पीछा किया और रास्ते में रोककर मारपीट की। इस दौरान संतोष सोनी के पास रखे सोने चांदी से जेवरात से भरे बैग को अपने कब्जे में लिया और फरार हो गए। संतोष सोनी ने मोबाइल फोन से पुलिस को सूचना दी।

### लुटेरों को महादेव घाट के पास धर दबोचा

इस दौरान आसपास के लोगों को लूट की घटना की जानकारी लगी। पुलिस सूचना मिलने के बाद तुरंत हरकत में आयी और ग्रामीणों की



मदद से बुलेट सवाल लुटेरों को महादेव घाट के पास धर दबोचा। आरोपियों से बैग सहित जेवरात बरामद किए। आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया।

### भीषण सड़क हादसे में एक की मौत, दो की हालत गंभीर



नवभारत,दमोह .जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में तीनों को गंभीर हालत में तेजगढ़ पुलिस और मौजूद जनों द्वारा 108 से इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया . जहां ड्यूटी रत डॉक्टर यशपाल सिंह व डॉ आरिफ़खान के द्वारा चेकअप उपरांत ईसीजी कराकर अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया .वहीं टेक सिंह और दूसरा बहादुर नाम का घायल का उपचार कर जिला अस्पताल दमोह से जबलपुर रेफर किया .मौके पर अस्पताल चौकी पुलिस और पुलिस बल मौजूद है . मृतक के शव को सुरक्षित जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवा दिया था, शनिवार सुबह पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की .

# जिनवाणी की शोभायात्रा ने किया नगर भ्रमण

## जिनवाणी की स्थापना एवं छत्र तथा ध्वजारोहण का महोत्सव आयोजित

**कुम्हारी नवभारत 21 फरवरी। नगर में जिनवाणी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने नगर परिक्रमा की। इस यात्रा में रथ में विराजमान पात्र और हजारों की संख्या में अनुयायी शामिल रहे।**

बाल ब्रह्मचारी आत्मानंद वैराग नंद के सानिध्य में चल रहे वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिवस में नूतन कारण चेतना में अनेक साधक एवं हजारों जन समूह की उपस्थिति में नवीन वेदी पर जिनवाणी की स्थापना एवं छत्र तथा ध्वजारोहण का महोत्सव उल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। इसमें सभी ग्रामवासियों ने धर्म लाभ लिया। धर्म की नगरी बनी कुम्हारी में त्रिदिवसीय त्रिरत्न वेदी प्रतिष्ठा श्री जिनवाणी की आस्थप कलश रोहण वेदी पूजन तिलक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन तारण तरण मंडल आचार्य महा मुनिराज के परम सानिध्य में ध्वजारोहण हुआ।



### भजनों की दी गई प्रस्तुति

आत्मानंद महाराज, वैराग्यनंद महाराज, रजत जैन, प्रतिष्ठाचार्य पंडित जयकुमार जैन, महेश कुमार जैन, सचिन जैन के भजनों की प्रस्तुति ने सभी धर्म प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कलश व ध्वज का सौभाग्य शिखर चंद जैन, अरविंद जैन, धर्मचंद जैन, वीरेंद्र जैन, नीरज जैन को मिला। शोभायात्रा में हटा विधायक उमा देवी खटीक व जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह शामिल रहे।



### श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय में सुहागले

**नवभारत,दमोह** .नगर के विवेकानंद कॉलोनी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय में शिव पार्वती विवाह उत्सव पर महिला मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम उत्साह पूर्वक आयोजित किए गए .

### जिला प्रशासन का किसानों से आग्रह

**नवभारत,दमोह।** दमोह जिले अंतर्गत सतधरु सिंचाई परियोजना, साजली सिंचाई परियोजना, पंचमनगर सिंचाई परियोजना और जूड़ी सिंचाई परियोजना से जुड़े किसानों को जिला प्रशासन ने सूचित किया है कि वे इस वर्ष रबी फ़सल की कटाई उपरांत किसी भी ग्रीष्म कालीन फ़सल का रोपण ना करें। उक्त परियोजनाओं का कार्य खाली खेतों की अनुपलब्धता के कारण पूरा नहीं हो पा रहा है। अत: सभी किसान फ़सल कटाई के तुरंत पश्चात उपरोक्त परियोजनाओं में सूची अनुसार, कमांड क्षेत्र के ग्रामों में, चिन्हित किसानों के खेतों पर, संबंधित निर्माण एजेंसियों द्वारा पाइपलाइन का कार्य पूर्ण करना अत्यावश्यक है, ताकि परियोजनाओं को पूर्ण कर उसका लाभ आप समस्त किसानों को मिल सके ।निर्माण एजेंसियों को उक्त कार्य जून 2026 तक पूर्ण करने पर ही आगामी फ़सलों में किसानों को इन परियोजनाओं से सिंचाई हेतु पानी की उपलब्धता संभव होगी ।सभी किसान बंधुओं से जिला प्रशासन सहयोग की अपेक्षा करता है, कि इस रबी फ़सल की कटाई के तुरंत बाद संबंधित निर्माण एजेंसियों को अपने चिन्हित खेतों में पाइपलाइन का कार्य करने से ना रोका जाए।

# एसआईआर प्रक्रिया के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## जिले में कुल 9,56,497 मतदाता पंजीकृत हैं

**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण(एसआईआर)की प्रक्रिया 27 अक्टूबर2025 से प्रारंभ हुई थी, जिसका समापन 21 फरवरी 2026 को हो गया है। चार चरणों में संपन्न इस प्रक्रिया के पश्चात मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक प्रति प्रदान कर दी गई है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची के अनुसार जिले में कुल 9,56,497 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 4,99,659 पुरुष मतदाता, 4,56,829 महिला मतदाता, 9अन्य (थर्ड जेंडर) मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेश्यो 914 दर्ज किया गया है, अनुमानित जनसंख्या के विरुद्ध मतदाताओं का प्रतिशत 63.76 है, युवा मतदाताओं 18-19 वर्ष की संख्या



14,189 है, जबकि 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3,890 है ।उन्होने बताया कि फॉर्म-6 नाम जोड़ना, फॉर्म-7 नाम विलोपन और फॉर्म-8 संशोधन की कार्यवाही के उपरांत 35,809 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में सम्मिलित नहीं हैं। सभी प्राप्त आवेदनों का परीक्षण व समेकन कर पात्र मतदाताओं को जोड़ा गया तथा अपात्र नामों को हटाया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि एसआईआर के प्रथम चरण में सबसे बड़ी चुनौती फॉर्म को सही तरीके से भरवाना और उनका संकलन करना था। द्वितीय चरण में नो मैपिंग व लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी' से संबंधित प्रकरण सामने आए, जिनकी सुनवाई कर निराकरण किया गया। तृतीय चरण में फॉर्म-6,7 और 8 के आवेदनों का समेकन कर पात्रता के अनुसार नाम जोड़ने व हटाने की प्रक्रिया संपन्न हुई। चतुर्थ एवं अंतिम चरण में मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया। प्रत्येक चरण में अलग-अलग प्रकार की प्रशासनिक चुनौतियाँ सामने आईं, जिनका सफ्लतापूर्वक समाधान किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कि उडिया, बंगाली व मराठी भाषा को लेकर कुछ विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी।



### जुझार में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर के समीप ग्राम जुझार में व्यारमा नदी के पावन तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, कथा व्यास पंडित शालिकराम पांडे द्वारा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराया जा रहा है ।कथा के पांचवें दिवस श्रीमद् भागवत कथा में पूतना वध एवं भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया गया, कथा व्यास पंडित श्री शालिकराम पांडे ने भगवान श्रीकृष्ण एवं भगवान भोलेनाथ के दिव्य मिलन तथा माखन चोर लीलाओं का विस्तार से वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया ।इस अवसर पर गोवर्धन पूजन एवं छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया।

## एक नजर में



### हिनौताकलां व पटेरा के ग्राम कुम्हारी में 'संकल्प से समाधान' द्वितीय चरण के क्लस्टर शिविर आयोजित

**नवभारत,हटा/दमोह** . संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा क्लस्टर स्तर पर शिविरों की तिथियां निर्धारित की गई हैं। इसी क्रम में विकासखंड हटा के ग्राम हिनौताकलां एवं विकासखंड पटेरा के ग्राम कुम्हारी में क्लस्टर स्तरीय शिविरों का सफ़्ल आयोजन किया गया ।अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि शासन का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार शासकीय योजनाओं से लाभांवित किया जाए। अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, यह जिला प्रशासन की प्राथमिकता है ।अनुभाग हटा अंतर्गत राजस्व की योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया।



### डॉ. निशांत विश्वकर्मा को भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार-इंटरनेशनल भरतनाट्यम गुरु अवॉर्ड' से सम्मानित

**नवभारत,दमोह** .कला,संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ.निशांत विश्वकर्मा (मानद उपाधि) को 21 फरवरी 2026 को आयोजित भव्य समारोह में भारत श्री राष्ट्रीय रत्न पुरस्कार द इंटरनेशनल भरतनाट्यम गुरु अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम देहरादून में आयोजित किया गया ।डॉ. विश्वकर्मा पिछले 28 वर्षों से भरतनाट्यम एवं योग के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।वे राष्ट्रीय योग ट्रेनर एवं अंतरराष्ट्रीय कलाकार के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं।भारत के साथ-साथ बैंकॉक (थाईलैंड), मलेशिया, सिंगापुर आदि देशों में भी उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन कर देश का गौरव बढ़ाया है।तथा गोवा में माननीय राष्ट्रपति जी से सम्मानित हुए है।



### अभा संयुक्त अधिवक्ता मंच दमोह की बैठक आयोजित

**नवभारत,दमोह।** अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच दमोह की बैठक का आयोजन नाकड़ा पैलेस जबलपुर नाका पर किया गया। राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य तरूण पटैल एड.जिला अध्यक्ष, सुधीर पाण्डे एड. जिला प्रभारी,एम.पी.चौरसिया एड.संभागीय सचिव, कमल कुशवाहा एड. युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, कपिल सिंह हजारी एड.व युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव मनोज नागदेव एड. के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच के सदस्यता अभियान चलाने आगामी राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव के संबंध में सभी अधि वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे व बैठक को सभी पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया.

# उर्वरक वितरण को सरल, सुगम तथा पारदर्शी बनाने के लिए लागू की जाएगी ई-विकास प्रणाली

### 1 मार्च से लागू होगी नई व्यवस्था

**नवभारत,दमोह।** प्रदेश सरकार द्वारा उर्वरक वितरण व्यवस्था हेतु विकास प्रणाली का विकास किया गया है इसके क्रियान्वयन एवं लागू किए जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर मीना मसराम,जिला जनसंपर्क अधिकारी वाय.ए.कुरैशी, जिला विपणन अधिकारी इंद्रपाल सिंह राजपूत,जिला सलाहकार गिरवर पटेल व जिले के सम्मानीय पत्रकार गण की उपस्थित थे। कृषि विभाग के सहायक संचालक जे.एल.प्रजापति द्वारा उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया ।सहायक संचालक श्री प्रजापति ने बताया उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली किसानों को उर्वरक प्रदान करने हेतु पारदर्शी, सुगम, सरल एवं जवाब देही प्रक्रिया है, जिसमें किसानों को घर बैठे बिना लाइन लगे अपने मोबाइल से ई-टोकन बुक कर डबल लॉक केंद्रों, निजी विक्रेताओं, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों, एमपी एग्रो मार्केटिंग समिति आदि किसी भी जगह से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया प्राथमिक सहकारी समितियां में, सभी निजी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों में, सभी डबल लॉक केंद्रों में, सभी ग्राम पंचायत में सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में क्यूआर कोड चस्पा किए जा रहे हैं ताकि किसान बंधु क्यूआर कोड स्कैन कर सीधे उर्वरक वितरण की ई-विकास प्रणाली के माध्यम से स्वयं अथवा विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों से नि:शुल्क टोकन बुक कर सकेंगे। उन्होंने बताया किसान बंधुओं अपने आधार कार्ड से पंजीयन करा कर तथा एग्री स्टेट आईडी से अपनी भूमि की जानकारी जोड़कर अपनी पसंद के विक्रेता का चयन कर आसानी से खाद प्राप्त की जा सकती है। सभी किसान बंधुओ से आग्रह किया है ।

### 1 मार्च से शस्त्र लाइसेंस हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से होंगे

**नवभारत,दमोह।** भारत सरकार द्वारा नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये शस्त्र लायसेंस जारी किये जाने हेतु नवीन आवेदन एवं लायसेंस नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन पोर्टल बनाया गया है ।कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने बताया शस्त्र लायसेंस प्राप्त करने हेतु जिले में निवासरत इच्छुक आवेदक उक्त पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं, साथ ही जिन लायसेंसधारियों को पूर्व में शस्त्र लायसेंस जारी किये गये हैं, वे भी शस्त्र लायसेंस के आगामी नवीनीकरण हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित ऑनलाईन पोर्टल पर आवेदन कर सकते है। उन्होने बताया 01 मार्च 2026 से नवीन शस्त्र लायसेंस के आवेदन केवल ऑनलाईन पद्धति से ही प्राप्त किये जायेगें। अत :इच्छुक आवेदकों को प्रथमत पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन पत्र करना होगा, प्रत्येक ऑनलाईन आवेदन पर एक यूनिक म-पिसम नंबर अंकित होगा। उक्तानुसार ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदक उसका प्रिन्ट आऊट निकालकर अपना फोटो चस्पा करते हुये मैनुअल आवेदन भी कलेक्टर कार्यालय में जमा कर सकेगें।

# कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कमी से किसान होंगे प्रभावित

### विधानसभा घेराव के संबध में हुई पत्रकार वार्ता



**नवभारत,दमोह।** मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा 24 फरवरी 2026 मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में विधानसभा घेराव को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते में कृषि उत्पादो पर आयात शुल्क में संभावित कमी से मप्र के कपास, सेयाबीन और मक्का उत्पादक किसानों को गंभीर नुकसान हो सकता है। मांग है कि भारत अमेरिका ड्रेड डील के संबंध में विस्तृत श्वेत पत्र जारी किया जाये। पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि मंत्री कैलाश विजय वर्गीय, राजेन्द्र शुक्ल, विजय शाह जिन्होनें निर्दोश मौतों की जिम्मेदारी न लेते हुए महिलाओं पर अर्नगल ब्यान दिये है उनके स्थीफे लिये जाये अथवा बर्खास्त किया जाये। संजय चौरसिया, रजनी ठाकुर, परम यादव, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, वीरेन्द्र राजपूत, शमीम कुरैशी, डालचंद कुशवाहा, श्रीकांत पटेल, अजय जाटव, रियाज खान ने जिले के कांग्रेसजनों से उक्त कार्यकम में अपने वाहन साधन से पहुंचने की अपील करते हुए लोकसभा के प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी आ रहे है। पत्रकार बंधुओ से कहा कि मध्यप्रदेश के किसानो के हितो की संवैधानिक और नीतिगत सुरक्षा सुनिश्चित की जायें व भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र व प्रदेश सरकार किसानों के लिये मूल्य सुरक्षा व आय संरक्षण की ठोस व्यवस्था लागू की जाये न कि किसानो की आय पर नकारात्मक प्रभाव डाला जायें।



### सिंधी कैंप श्री शिव पार्वती मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**नवभारत,दमोह।** नगर के सिंधी कॉलोनी स्थित श्री झूलेलाल मंदिर ग्राउंड में सिंधी समाज पंचायत द्वारा निर्मित श्री शिव-पार्वती मंदिर में भगवान शिव परिवार, श्रीराम परिवार व श्री राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की स्थापना गुरुवार से दो दिवसीय आयोजन के श्री प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का बड़े ही हर्ष से हुई। गत गुरुवार की सुबह 9 बजे से श्री शिव पार्वती मंदिर परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जो सिंधी कॉलोनी सिविल वार्ड 9 व 10 के मार्गों के मुख्य मार्गों से होती हुई आगे धर्मध्वजा के 20 बच्चों ,युवाओं के बैंड दल ने सभी भक्तिमय धुनों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं पीले वस्त्र धारण कर महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी ।भव्य शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर श्री गणेश व कार्तिक की प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

कालाबाजारी — अन्य पान मसाला की भी हो रही कालाबाजारी,शौकीन परेशान

# राजश्री की कालाबाजारी, थोक दुकानदार हो रहे मालामाल

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. सरकार का बजट आते ही अन्य समानों के साथ पानमशाला गुटका की कीमतें 2 प्रतिशत से 3 प्रतिशत महंगी हो गई. अन्य सामान तो आम उपभोक्ता हफ्ते या माह में एक बार खरीदता है.परंतु पान मशाला और पान खाने के शौकीन 15 दिन से ज्यादा परेशान है.चुकी जहां पान के रेट 50 प्रतिशत बढे। वहीं पान मसाले गुटको के रेट 20 से 30 प्रतिशत बढ़ गए.जिससे गुटका खाने वाले ज्यादा परेशान होकर आए दिन पान मसाला और किराना दुकान से गुटका बेचने वाले दुकानदारों से बहस करते नजर आते है.**




खासकर राजश्री गुटका खाने वाले ज्यादा परेशान है.चुकी 10 रुपए में मिलने वाला राजश्री 15 रुपए में 20 वाला 25 से 30 रुपए में 40 रूपए वाला राजश्री गुटका 50 रुपए में मिल रहा है.

### स्टॉकिस्ट और बड़े दुकानदार शामिल

इस संबंध में छोटे दुकानदारों और पान दुकानदारों ने बताया कि अचानक गुटका का रेट बढ़ने से हम लोग परेशान है.चूंकी बड़े दुकानदार और स्टॉक हम लोगों को महंगे दाम पर पान मसाला बेच रहे है। जिससे हम लोग भी पहले के रेट की जगह ज्यादा में गुटका बेचते है। जिससे आए दिन गुटका के शौकीनों से विवाद होता है और हमारे ग्राहक भी कम होने लगे है.बड़े दुकानदार हर दिन राजश्री सहित अन्य गुटका के पैकेट के रेट बढ़ा रहे है. जिसके चलते गुटका खाने वालों के गुस्से का शिकार होना पड़ रहा है. जबकि बड़े दुकानदार और स्टाकिस्ट 20 से 30 प्रतिशत की कमाई कर रहे है।

> ज्ञात हो कि गुटका बच्चे से लेकर बड़े बुजुर्ग महिलाएं भी रोज खाती है ।जिससे उनकी जेब खर्च पर असर पड़ रहा है। स्टॉक हो रहे, मालामाल वहीं स्टाक और बड़े दुकानदार जिनके पास पहले से गुटको का स्टॉक जमा था .वह गुटका की कालाबाजारी कर मालामाल हो रहे है ।वहीं बड़े दुकानदार बजट में रेट बढ़ने की बात कहते नजर आते है .

### भारत विकास परिषद द्वारा नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन

**नवभारत,दमोह।** भारत विकास परिषद शाखा दमोह द्वारा ग्राम ककरा तहसील पथरिया में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 22 फ़रवरी दिन रविवार को खूब लाल पटेल हाई स्कूल ककरा में किया जा रहा है जिसमें दमोह जिले के विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ व जिला चिकित्सालय दमोह व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया के चिकित्सक उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे इसके अतिरिक्त आयुर्वेद एवं होम्योपैथी के चिकित्सक भी अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे शिविर में बीपी शुगर एवं खून की जांच भी की जाएगी इस शिविर का शुभारंभ माननीय लखन पटेल राज्य मंत्री शासन के करकमलों द्वारा किया जावेगा भारत विकास परिषद शाखा दमोह की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर किरण दुबे गोस्वामी ने ककरा ग्राम व आसपास के क्षेत्र वासियों से अपील की है .